सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल

वसुंधरा, गाज़ियाबाद

सत्र : २०२० - २१

हिंदी अभ्यास पत्र

पाठ -12, एकाग्रता की जाँच

नाम - ..... **कक्षा - पाँच वर्ग.....** **दिनांक---------- -**

प्रश्न -१ दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प को चुनिए -

क) एकाग्रता की जाँच एक ---------- है।

i) कहानी ii) नाटक

iii) एकांकी iv) कविता

ख) 'एकाग्रता की जाँच' के रचनाकार कौन हैं?

i) पंडित जवाहरलाल नेहरू ii) पंडित दीनदयाल उपाध्याय

iii) पंडित रामनरेश त्रिपाठी iv) पंडित गोविंद बल्लभ पंत

ग) द्रोणाचार्य की परीक्षा में सभी राजकुमारों को कहाँ निशाना साधना था ?

i) पेड़ पर ii) पेड़ की डाल पर

iii)चिड़िया के सिर पर iv) चिड़िया की आँख पर

घ) द्रोणाचार्य ने किसे 'अविश्वासी' कहा है?

i) भीम को ii) अर्जुन को

iii) दुर्योधन को iv) युधिष्ठिर को

ङ) पांडवों एवं कौरवों में धर्म के पुत्र कौन थे?

i) युधिष्ठिर को ii) नकुल एवं सहदेव को

iii)दुर्योधन को iv) अर्जुन को

च) 'श्रेष्ठ' शब्द का अर्थ निम्नलिखित में से क्या है?

i) बड़ा ii) बेकार

iii)हमेशा iv) उत्तम

छ) दुर्योधन को निशाना साधते समय चिड़िया, पेड़, गुरु एवं भाइयों के अतिरिक्त और क्या दिख रहा था?

i)एक विशाल राज्य ii) थाली में परोसा हुआ षट् रस भोजन

iii) कुछ और नहीं iv) गुरु के चरण

प्रश्न २. दिए गए कथनों को पढ़कर लिखिए कि इन्हें किसने, किससे कहा ?

क) "तुमसे कुछ भी न होगा राजकुमार! तुम्हारा तीर व्यर्थ जाएगा।"

किसने - ---------- किससे - ----------

ख) "तुम्हारी बड़ी आकांक्षा है, परंतु कर्मवीर की इच्छा शब्दों में नहीं होती।"

किसने - ---------- किससे - ----------

ग) "निशाना चूक गया। कहाँ चिड़िया रह गई और कहाँ तुम्हारा तीर चला गया।"

किसने - ---------- किससे - ----------

घ) आप बार-बार पक्षपात करते हैं। आपके कह देने से ही सब कुछ नहीं होता।

किसने - ---------- किससे - ----------

प्रश्न ३. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की मदद से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -

राज्य, बल, धनुर्धारी, तीर, गुरुद्रोही

क) तुम अविश्वासी हो, ---------- हो। तीर छोड़कर सत्य की परख कर लो।

ख) यह भीम है, इसमें ---------- का अभिमान बहुत है।

ग) जो इसकी आँख को बेध देगा,वही तुम सभी में सर्वश्रेष्ठ ---------- सिद्ध होगा।

घ) ---------- जौ-भर यहीं पर हट गया था, चिड़िया तक पहुँचते-पहुँचते बहुत दूर हो गया।

ङ) चिड़िया, पेड़, आप सबको और इसके अलावा एक विशाल ---------- को देख रहा हूँ जिसका मैं राजा बनूँगा।

प्रश्न ४. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए -

क) व्यर्थ - ---------- ख) भोजनभट्ट - ----------

ग)भ्रमित - ---------- घ) पक्षपात - ----------

ङ) धनुर्वेद - ---------- च) निरुत्साहित - ----------